संस्कृति मंत्रालय

राज्यसभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 2901

उत्तर देने की तारीख: गुरुवार, 13 अगस्त, 2026

22 श्रावण,1948 (शक)

चुराई गई प्राचीन कलाकृतियों को वापस लाया जाना

2901. **श्री आर. गिरिराजनः**

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केंद्र सरकार ने विगत दो शताब्दियों के दौरान भारत से चुराई गई 610 कलाकृतियों को अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, यूके और नीदरलैंड से वापस प्राप्त किया है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या कोहिनूर हीरे, अमरावती के संगमरमर और मध्यकालीन युग की कई मूर्तियाँ, प्रतिमाएँ और शिलालेख जैसे प्राचीन ख़ज़ाने को अभी भी विदेशों से भारत वापस लाया जाना बाकी है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या मंत्रालय के पास भारत से चुराई गई और विदेशों के विभिन्न संग्रहालयों में रखी गई उन प्राचीन कलाकृतियों संबंधी कोई डेटा उपलब्ध है जिन्हें अभी भारत वापस लाया जाना है, यदि हाँ, तो उनकी वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

संस्कृति और पर्यटन मंत्री
(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): पुनर्प्राप्त किए गए पुरावशेषों की देश-वार सूची **अनुबंध-I** में दी गई है।

(ख): सरकार औपनिवेशिक काल के दौरान विदेशों में ले जाई गई वस्तुओं को पुनः प्राप्त करने का मुद्दा विभिन्न मंचों पर उठाती है। लागू राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों और कन्वेशनों के मद्देनज़र मामले-दर-मामले के आधार पर पुनर्प्राप्ति की प्रक्रिया शुरू की जाती है। संबंधित देशों/सरकारों के बीच आपसी समझ और परस्पर सहयोग सेऐसी वस्तुओं की पुनर्प्राप्ति आसान होती है।

(ग): विश्व के कई संग्रहालयों और कला दीर्घाओं में भारतीय पुरावशेष मौजूद हैं, और इसके अलावा, निजी व्यक्तियों के पास भी ऐसे संग्रह हैं। तथापि, ऐसे संग्रहों की कोई व्यापक सूची उपलब्ध नहीं है। जब भी विदेशमें भारतीय मूल की किसी अवैध रूप से निर्यात की गई प्राचीन पुरावशेष की सूचना मिलती है, तो संबंधित भारतीय दूतावास/मिशन के माध्यम से इसकी पुनर्प्राप्ति के लिए आवश्यक कार्रवाई शुरू की जाती है।

अनुबंध-I

राज्य सभा में दिनांक 13.08.2026 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 2901 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और नीदरलैंड से प्राप्त पुरावशेषों का ब्यौरा

क्र.सं.	**देश**	**पुरावशेषों की संख्या (जून, 2026 तक)**
1.	ऑस्ट्रेलिया	51
2.	नीदरलैंड	01
3.	यूनाइटेड किंगडम	21
4.	संयुक्त राज्य अमेरिका	589
		662

*****